हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री



दयालबंद स्थित मधुबन में निर्माणाधीन नालंदा परिसर।

**खबर संक्षेप**

### थल सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल तक कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार इसमें पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकती हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रुपए है।

# बिजली की सूचना में गड़बड़झाला, घंटे भर बाद पहुंचता है मैसेज, शिकायतों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली ब्रेक डाउन और आंधी तुफान में सप्लाई बंद करने पर बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर भेजी जाने वाले मैसेज में बड़ी गफलत सामने आ रही है। बिजली बंद होने के घंटे भर बाद उपभोक्ताओं को मैसेज मिल रहा है, वहीं बंद की शिकायत का भी समय पर समाधान नहीं मिल रहा है, जिससे मैसेज सर्विस की सुविधा महज औपचारिकता निभा रही है।

आंधी तूफान में खंबा उखड़ने, तार टूटने से बिजली सप्लाई बाधित होने पर बिजली कंपनी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज भेजती है।




सूचना मिलने से उपभोक्ताओं को लाइन बंद होने की जानकारी मिल जाती है, लेकिन यह सुविधा मजाक बन चुकी है। दरअसल गर्मी आते ही बिजली विभाग मेंटनेंस करने लग जाता है, शेड्यूल के तहत बिजली बंद की जाती है, पर उपभोक्ताओं को मैसेज देरी से मिल रहे है, इससे उपभोक्ताओं को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। मैदानी अमला फील्ड में पहुंच कर बिजली सुधार में लग जाता है, लेकिन बिजली बंद होते ही उपभोक्ता फ्यूज कॉल की घंटी बजाने लगते हैं, जबकि अधिकारियों के द्वारा बताया जाता है कि रजिस्टर्ड मोबाइल मैसेज में भेजा गया है। उपभोक्ताओं को कई बार मैसेज देरी से मिलता है, कई बार बिजली आने के बाद बंद का मैसेज आता है। ऐसे में सुविधा उपभोक्ताओं के लिए औपचारिकता बन चुकी है।

**मरम्मत में लगने वाला समय भी अधिक**

कंपनी से सूचना प्रणाली का उपयोग कर उपभोक्ताओं को सूचित करने का काम करती है, मरम्मत में लगने वाला समय भी मैसेज में प्राप्त होता है, लेकिन कई बार बिजली घंटों नहीं आती है। देरी होने पर दोबारा मैसेज भेजने की जरूरत कंपनी द्वारा नहीं समझी जाती है।

**टोल फ्री भी बना सिरदर्द**

बिजली कंपनी द्वारा बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। 1912 में उपभोक्ता किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकते हैं, लेकिन यह सुविधा भी मजह खानापूर्ति साबित होती है। उपभोक्ताओं की शिकायत का निराकरण किए बगैर ही पूरा समाधान का मैसेज प्राप्त हो जाता है, जबकि उपभोक्ता के घर की बिजली बंद रहती है। ऐसे में ऐसी सुविधाओं के लिए विभाग फीडबैक भी प्राप्त नहीं कर पा रहा है।

**सुधारी जाएगी व्यवस्था**

अधिकारियों को अपने क्षेत्र की बिजली बंद की सूचना हर हाल में उपभोक्ताओं तक पहुंचानी होती है, सर्वर की समस्या के कारण कई बार देरी हो जाती है। ऐसे में शेड्यूल में बंद की सूचना 2 घंटे पूर्व दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। टोल फ्री में शिकायत करने पर सेंट्रल सर्वर से मैसेज प्राप्त होता है।

**- श्रीनिवास राजू,** एसई बिजली विभाग

### मधुबन में बनाए गए अटल आवास में 4 साल बाद भी लोगों को सुविधा नहीं

# टैंकर के भरोसे 300 परिवार, बाल्टी, गगरी में पानी भरकर चौथी मंजिल तक चढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पानी के लिए हाहाकार मचना शुरू हो गया है। खास तौर पर मधुबन, तालापारा, देवरीखुर्द और दूसर जगहों पर टैंकर से पानी सप्लाई करनी पड़ रही है। खास तौर पर मधुबन में बनाए गए अटल आवास में 4 साल बाद भी पीने के पानी की सुविधा नहीं है। निगम चार सालों में यहां पाइप लाइन नहीं बिछा सका और लोगों को टैंकर के सहारे जीना पड़ रहा है। रोज सुबह 10 बजे के करीब एक या दो पानी के टैंकर यहां पहुंचते हैं, जिससे पानी लेने के लिए लंबी लाइन लगती है। 250 के करीब परिवारों को इन्हीं दो टैंकरों में पहुंच रहे पानी के सहारे सारा काम करना पड़ रहा है। महिलाओं को पहले पानी लेने की मशक्कत के बाद चौथी मंजिल तक उसी पानी को बाल्टी, हवला, घघरी में भरकर चढना पड़ रहा है, जिस दिन टैंकर नहीं आता तो और परेशानी होती है और महिलाओं को करीब एक किलोमीटर दयालबंद मुख्य सड़क पर लगे टेपनल से पानी लाने जाना पड़ता है। इसके लिए भी सुबह लंबी लाइन लगती है

नगर निगम ने चार साल पहले मधुबन में अटल आवास बनाया था। इसमें फ्लैट के तौर पर 406 घर बने थे। निगम ने तालापारा में रह रहे 175 लोगों को यहां शिफ्ट किया था। इसके साथ ही दयालबंद के 80 परिवारों को यहां मकान दिए गए। फिलहाल 252 परिवार यहां रह रहे हैं। निगम ने सारी व्यवस्था तो की लेकिन पानी सप्लाई नियमित नहीं हो सकी है। उस दौरान अधिकारियों ने बड़े बड़े दावे करते हुए कहा था कि 3 महीने में पाइप लाइन बिछाकर जैसे की शहर के दूसरे हिस्सों में दोनों टाइम पानी सप्लाई होती है उसी तरह यहां भी होगी। लोगों ने उन वादों और दावों पर यकीन भी कर लिया लेकिन इसके बाद अधिकारी भूल गए।

**तालापारा, देवरीखुर्द और दूसरे जगहों पर टैंकर से पानी सप्लाई करनी पड़ रही**



**5 वार्डों में लगातार जल संकट**

इधर तालापारा क्षेत्र के पूर्व पार्षद रामा बघेल ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते पांच वार्डों वार्ड क्रमांक 23 से 27 तक के 10 हजार से अधिक घरों में पेयजल संकट है। कई जगहों पर मेन सप्लाई पाइप के 3-4 जगहों से फूट जाने के कारण लोग पानी के लिए मोहताज हो गए हैं। उन्होंने बताया कि दो दिनों से मिनीमाता बस्ती, संजय नगर, नागदौने कालोनी, दुबे बाड़ा, शीतला मंदिर के पास, यादव मोहल्ला, रविदास मंदिर के पीछे और फकीर मोहल्ले के पीछे के लोग टैंकर के भरोसे हो गए हैं।

**पानी टंकी से होगी सप्लाई**

यहां लगाए गए बोर से नदी का गंदा पानी आ रहा था। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए इसलिए ही इसे बंद कर दिया गया और टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। अब खूंटाघाट से जो पाइप लाइन बिछी है उसे मल्टीपरपस स्कूल के पानी टंकी से जोड़ा गया है। इसी टंकी से अटल आवास तक पाइप लाइन बिछाते हुए टंकी से पानी सप्लाई होगी।

**- अनुपम तिवारी,** नोडल अधिकारी

**बोर से गंदा पानी इसलिए सप्लाई बंद**

निगम अधिकारियों का कहना है कि यहां लगाए गए बोर से नदी का गंदा पानी आ रहा था। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए इसलिए ही इसे बंद कर दिया गया और टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। निगम के मुताबिक बोर के पानी से कपड़े धुलाई और दूसरे काम तो हो सकते हैं लेकिन पीने के लिए यह सही नहीं है। अब खूंटाघाट से जो पाइप लाइन बिछी है उसे मल्टीपरपस स्कूल के पानी टंकी से जोड़ा गया है। इसी टंकी से अटल आवास तक पाइप लाइन बिछाते हुए टंकी से पानी सप्लाई होगी। इसके बाद सारी समस्या दूर हो जाएगी। फिलहाल एक इंची पाइप से पानी दिया जा रहा है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है इसलिए जरूरत के मुताबिक टैंकर भिजवाया जाता है।

**काम पर निकलने के बाद पहुंचता है टैंकर**

यहां के निवासियों ने कई बार इस संबंध में वार्ड पार्षद से लेकर महापौर और निगम अधिकारियों से मुलाकात की। अपनी समस्या बताई लेकिन कुछ नहीं हुआ। निगम ने एक तरह से अहसान करते हुए दो टैंकर पानी रोजावा भेजना जरूर शुरू किया। स्थायी व्यवस्था पर लेकिन निगम का ध्यान नहीं है। यहां रहने वाले रामदास निर्मलकर और शमीम बेगम ने बताया कि कोई सुनने वाला है ही नहीं। इन लोगों के मुताबिक टैंकर भी सुबह 10 बजे के बाद पहुंचते हैं इसे जल्दी भेजा जाना चाहिए क्योंकि यहां रहने वाले अधिकांश लोग मजदूर वर्ग के हैं और सुबह 9 बजे से पहले काम पर निकलना होता है।

## 17 लोगों की बर्ड फ्लू रिपोर्ट निगेटिव



बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किमी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

हरिभूमि में 25 मार्च को प्रकाशित खबर।

**बिलासपुर।** कोनी स्थित कुक्कुट प्रक्षेत्र में एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के मामले सामने आने के बाद संभावित खतरे को देखते हुए अब तक कुल 41 लोगों की जांच की गई है। राहत की बात यह है कि सभी की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है।

पहले चरण में कुक्कुट प्रक्षेत्र और पशुपालन विभाग से जुड़े 24 अधिकारी-कर्मचारियों के सैंपल लिए गए थे। इसके बाद दूसरे चरण में प्रक्षेत्र से कुछ किलोमीटर के दायरे में रहने वाले 17 लोगों की जांच कराई गई। सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि जिन लोगों के सैंपल लिए गए थे, उनमें सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षण थे, लेकिन सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। इधर केंद्र सरकार के निर्देश पर विशेषज्ञों की उच्चस्तरीय टीम सोमवार शाम तक शहर पहुंचेगी और मंगलवार सुबह से कुक्कुट प्रक्षेत्र में जांच शुरू करेगी। टीम के दौरे को देखते हुए प्रक्षेत्र में साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण और अन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## सुबह बदला मौसम, हुई झमाझम बारिश, धूप छांव के बीच उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव सामने आ रहे हैं, रविवार की सुबह बादलों के गरजने से लोगों की नींद खुली, घर के बाहर का नजारा बारिश के मौसम जैसा था। झमाझम बारिश देख लोगों को सुखद एहसास होता रहा, लेकिन सुबह 8 बजे के बाद एक बार फिर बादल साफ होते ही तेज धूप निकलने लगी, फिर दिन भर धूप छांव का खेल चलता रहा। शाम तक उमस व बैचेनी ने लोगों को हलाकान कर दिया है।

मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार रविवार की सुबह ही शुरूआत झमाझम बारिश के साथ हुई इस दौरान करीब आधे घंटें तक अच्छी बारिश हुई और बादलों की गड़गड़ाहट ने लोगों को नींद से जगा दिया, लेकिन यह महज कुछ ही देर तक जारी रहा, इसके बाद अचानक मौसम बदलने लगा और सूरज की किरणें धरती पर पड़ती रही, सुबह 11 बजे तक पूरी तरह से मौसम साफ रहा और गर्मी ने लोगों के होश उड़ा दिए। हालांकि दोपहर बाद बदली एक बार फिर छाने लगी। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 दिन तक मौसम में उठापटक चलती रहेगी। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है और आंशिक बादल के साथ हल्की बारिश भी होगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सक्रिय हो रहे ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण के कारण प्रदेश का मौसम बदला-बदला नजर आएगा हालांकि इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी आ सकती है, रविवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य तापमान से 5.5 डिग्री कम है।



**बिजली की आंखमिचौली जारी**

बारिश और आसमानी बिजली चमकने के कारण सुबह से ही बिजली की आंखमिचौली जारी रही, इस दौरान जहां ज्यादातर जगहों पर घंटे भर के लिए बिजली बंद रही, वहीं शहर के कई इलाकों में दिन भर बिजली आती जाती रही। इंदू चौक फीडर में आई परेशानी के कारण करीब 3 घंटे तक बिजली बंद रही, लिंक रोड, जेल चौक, लिंक रोड में बिजली सप्लाई ठप रही।






### चौबीसों घंटे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण खस्ताहाल हुई सड़क

# बीस करोड़ की लागत से बनेगी सीपत-बलौदा सड़क, इसी महीने शुरू होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत से बलौदा जाने वाली पूरी तरह खस्ताहाल हो चुकी सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जा सकेगा। शासन द्वारा इसके लिए 20 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, वर्कआर्डर जारी किया जाना है। इस महीने के अंत तक संभवतः निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।

बिलासपुर से कोरबा जाने के लिए सबसे शार्टकट रास्ता माने जाने वाले सीपत-बलौदा मार्ग का नए सिरे से निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जा सकेगा। शासन द्वारा इसके निर्माण के लिए 19 करोड़ 84 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके अंतर्गत टेंडर की प्रक्रिया पूरी भी की जा चुकी है। सीपत से प्रारंभ होकर यह सड़क बलौदा से ठीक पहले लीलागर नदी तक 14 किलोमीटर लंबाई में बनाई जाएगी। सड़क की चौड़ाई सात मीटर की होगी। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ठेकेदार को वर्कआर्डर जारी किया जाना शेष है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार इस महीने के अंत तक वर्कआर्डर जारी कर संभवतः निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

- **वाहन पलटने व फंसने की रोज हो रही घटनाएं**



**अपनी दुर्गति के चरम पर है सड़क**

सीपत से बलौदा तक जाने वाली सड़क वर्तमान में अपनी दुर्गति के उच्चतम स्तर पर है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जहां से छोटे चारपहिया वाहनों को निकलने में काफी दिक्कत हो रही है। भारी वाहन तो जैसे-तैसे निकल जा रहे हैं, लेकिन भारी वाहन भी अगर लोड स्थिति में है तो इन्हें भी इन गड्ढों को पार करने में काफी रिस्क उठाना पड़ रहा है। इस मार्ग से आवागमन करने वालों को न केवल अपने वाहन बल्कि अपने आपको भी दांव पर लगाना पड़ रहा है। मार्ग में वाहन फंसने एवं वाहन पलटने की घटनाएं लगभग रोज ही हो रहीं हैं।

**ओवरलोड भारी वाहनों ने बिगाड़ी सड़क की सेहत**

इस सड़क की सेहत यहां चौबीसों घंटे चलने वाले ओवरलोड भारी वाहनों के कारण बिगड़ती चली गई है। कोरबा की ओर से कोयला लेकर आने वाले भारी वाहन शार्टकट के चक्कर में इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। इसी तरह सीपत में एनटीपीसी स्थापित होने के कारण भी भारी वाहनों की लगातार आवाजाही मार्ग में होती रहती है। मस्तूरी-गतौरा व जयरामनगर क्षेत्र में स्थापित दर्जनों क्रेशर खदानों से भी गिट्टी लदे वाहनों की आवाजाही भी इसी मार्ग से होती है। यही कारण है कि सड़क समय से पहले ही जर्जर हो गई। हालत यह है कि सड़क पर दुपहिया सवारों को भी गड्ढों के बीच से गुजरने के लिए सड़क खोजनी पड़ रही है।

**नए सिरे से बनाई जाएगी सड़क**

इस सड़क का नए सिरे से निर्माण किया जाना है। चौदह किलोमीटर लंबाई एवं सात मीटर चौड़ाई में 19.84 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वर्कआर्डर जारी किया जाना शेष है। इस माह के अंत तक निर्माण प्रारंभ हो जाने की पूरी संभावना है।

**- आरके केला,** एसडीओ पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

## खबर संक्षेप

### एसआई बनकर गांव लौटने पर रानू का जोरदार स्वागत



**सीपत।** ग्राम कुली खम्हरिया की बेटी रानू साहू के सब इंस्पेक्टर बनने पर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। हाल ही में प्रशिक्षण के बाद पहली बार घर पहुंची रानू साहू का ग्रामीणों एवं परिजनों ने भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन और फूल-मालाओं के साथ गाजे-बाजे में उन्हें पूरे सम्मान के साथ घर लाया गया। गांव की गलियों में जश्न का माहौल रहा, जहां लोग डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। परिजनों और ग्रामीणों ने रानू साहू को फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान कई लोगों ने उन्हें कंधों पर उठाकर सम्मान भी दिया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। रानू साहू, पिता हरप्रसाद साहू एवं माता गीता साहू की पुत्री हैं। साधारण परिवार से आने वाली रानू ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। वे वर्ष 2024 बैच की चयनित अभ्यर्थी हैं।

### अखिल भारतीय वैश्य हलवाई समाज की बैठक, अध्यक्ष बने महेंद्र



**पेंड्रा।** रामनवमी के अवसर पर होटल सेंट्रल पॉइंट इंटरनेशनल बिलासपुर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय वैश्य हलवाई महासभा की एक विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में अमरकंटक में प्रस्तावित हलवाई समाज धर्मशाला निर्माण एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी के पुनर्गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि, अमरकंटक में धर्मशाला निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए मई 2026 के प्रथम सप्ताह में अमरकंटक में एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए 16 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों की प्रमुख भूमिका रहेगी। बैठक में पेंड्रा निवासी व्यवसायी एवं समाजसेवी महेंद्र गुप्ता को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ प्रदेश हलवाई समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं बिलासपुर के राजेंद्र गुप्ता को प्रदेश महामंत्री तथा सुमित गुप्ता को प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता कमला शंकर गुप्ता मिर्जापुर ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री डॉ अनिल गुप्ता लखनऊ, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हनुमान प्रसाद जबलपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शरद गुप्ता बिलासपुर सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### देश सेवा कर गांव लौटे जवानों का ग्रमीणों ने किया स्वागत



**लोरमी।** देश सेवा कर घर लौटने पर दो फौजियों का ग्रामीणों ने फूलमाला से उनका स्वागत किया। ग्राम सेमरिया निवासी वीरेन्द्र सिंह फौजी 19 वर्षों तक देश की सेवा की। इन्होंने उत्तरप्रदेश, पंजाब, जम्मूकश्मीर, सिक्किम लद्दाख जैसे स्थानों में अपनी सेवाएं दिए। ग्राम धरमपुरा निवासी रामफल कश्यप जब देश की सेवा कर सेवानिवृत्ति के पश्चात घर लौटे तो रैली निकालकर व फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया गया। कश्यप भारतीय सेना में हवलदार के पद पर रहते हुए 24 साल तक पुणे, महाराष्ट्र, राष्ट्रीय रायफल जम्मू, नागपुर, जैसलमेर, लद्दाख जैसे अलग-अलग दुर्गम इलाकों में अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर रामफल कश्यप ने कहा कि, देशभक्ति में करियर बनाना चाहिए, अनर्गल दुर्व्यसनों से बचते हुए देश के लिए जीने का एक अच्छा सुनहरा अवसर होता है। इस अवसर पर जुठेल राम कश्यप, जनपद सदस्य पवन पांडेय, सरपंच अजय गोस्वामी, उपसरपंच योगेश कश्यप, पंच मुकेश शर्मा, लक्ष्मीदयाल कश्यप, रामू यादव, डाकेश कश्यप, शिखर शर्मा, राजकुमार साहू, जितेन्द्र राजपूत, योगेश कश्यप, हेमंत कश्यप, कमलकांत कश्यप, दिनेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तेन्दुपारा स्थित देवी चौरा में मंगल भवन निर्माण का भूमिपूजन



**पेंड्रा।** नगर पालिका पेंड्रा के वार्ड क्रमांक 3 अंतर्गत तेन्दुपारा स्थित देवी चौरा में मंगल भवन निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान सहित जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद सुनीता राठौर, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद पति रमेश कोल, गोलू राठौर सहित अन्य नागरिक एवं वार्डवासी मौजूद रहे। बताया गया कि, मंगल भवन का निर्माण बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू तथा अध्यक्ष निधि से प्राप्त राशि से कराया जा रहा है। यह भवन क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही जानकारी दी गई कि भूमिपूजन के साथ ही भवन निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा।

## बेलतरा विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

# प्रदेश में पिछले दो वर्षों से तेज हुई विकास की रफ्तारः सुशांत



हरिभूमि न्यूज ⏭ लगरा

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने रविवार को ग्राम पंचायत लगरा में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ के तहत 50 लाख व 13 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड सहित कुल 63 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सांय-सांय चल रही है।

विगत दो वर्षों में विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा, एक छोटे से पंचायत ग्राम लगरा में विगत दो सालों में लगभग 4 करोड़ के विकास कार्यों की सौगत मिली है। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोग खुशहाल हो रहे हैं। इस दौरान श्री शुक्ला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस सरकार का कार्यकाल को भ्रष्टाचार से लिप्त रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि, इस पंचायत से मेरा पुराना रिश्ता रहा है, यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण जिला महामंत्री जनक देवागन, जिला उपाध्यक्ष शैल भोई, जिला मंत्री निखिल केशरवानी, मंडल अध्यक्ष मोनू रत्नाकर श्रीवास, विजय धर दीवान, सीता सिह ठाकुर, पार्षद जय वाधवानी, पावर्ती अनंत, ओमप्रकाश, खैरवार, विकास कुर्रे, सुनीता साहू, सरपंच जहुरा मुखी राम बिरजे, ओमप्रकाष श्रीवास, शत्रुह्न साहू, भूपेन्द्र जायसवाल, प्रकाश कैवर्त्य, भारती निषाद, अर्जुन केवट, संतोष विष्वकर्मा, कृष्णा यादव भुवनेष्वर साहू, पंच काशी साहू, रजनी श्रीवास, पदमनी लहरी, बीना कैवर्त्य, हितेश कैवर्त्य, धीरेन्द्र गढ़ेवाल, रामकुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलू गोरख ने किया।

### बरभाठा से भदरापारा तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन

**बेलतरा।** ग्राम पंचायत बेलतरा के बरभांठा से भदरापारा तक जाने वाली 3.7 किमी लंबी सड़क का भूमिपूजन रविवार को क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनक राम देवांगन, एसडीओ सुनील चंद्र शर्मा, सब इंजीनियर अतिरेक राही, लक्ष्मीकांत कश्यप, तिलक राज, जागेंद्र कश्यप, सुनील श्रीवास, सुरेश कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत बेलतरा, सुनील कश्यप, कृष्ण कुमार यादव, लक्ष्मी जायसवाल, पदुम सिंह कोरम, विजय साहू, राजू कश्यप, सोनू रत्नाकर, संदीप जायसवाल, अश्वनी जायसवाल सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### स्व. भुलऊ प्रसाद को श्रद्धांजलि देने पहुंचे टीएस व धर्मजीत

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के बड़े भाई स्व. भुलाऊ प्रसाद कौशिक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक धर्मजीत सिंह एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता परसदा स्थित निवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों से आत्मीय भेंट की। सभी ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त कीं तथा इस विषम घड़ी में संतप्त कौशिक परिवार को धैर्य, संबल एवं साहस प्रदान किया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने बताया कि बड़े भाई (स्व. भुलऊ प्रसाद) सरल व्यक्तित्व, समाज के प्रति समर्पण और पारिवारिक मूल्यों के प्रति अटूट निष्ठा रखने वाले थे। उनका जीवन स्नेह, मार्गदर्शन और सादगीपूर्ण रहा है।

### भाजपाइयों ने स्व फूलचंद को अर्पित की श्रद्धांजलि



**मुंगेली।** जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक लोरमी स्व फूलचंद जैन की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें पार्टी के मार्गदर्शक के रूप में याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







गिरजाघरों में की गई विशेष आराधना

शहर के सभी गिरजाघरों में मसीहियों ने रविवार को पुनरुत्थान पर्व उत्साह से मनाया गया। साथ ही बताया गया कि क्रूस पर यीशु की मृत्यु बाद उनके शव को कब्र में दफन कर दिया गया था पर प्रभु यीशु तीसरे दिन रविवार को मृतकों में से पुनः जीवित होकर मृत्यु के बंधन को तोड़ कर मौत पर फतह पाई थी।

# मसीहियों ने उत्साह से मनाया पुनरुत्थान पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक स्थित चर्च में निर्वाचित प्राचीन समिति के सीनियर पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में पुनरूत्थान पर्व की विशेष आराधना की गई। आराधना का संचालन मुकेश पॉल एवं बाइबिल का पठन प्रिया जैसल ने किया। प्रार्थना की अगुवाई मीनू सिंह, अरूणा दास, चंदेशवरी नन्द, मार्ग्रेट पॉल, नार्मन हेनरी ने की। भेंट उठाने में अरविंद कुमार, रक्षित रूपम बारा, सुनील मसीह और अशोक दास ने सहयोग किया। जल संस्कार द्वारा 11 नव जवानों ने बपतिस्मा लेकर यीशु मसीह को ग्रहण किया। उन्हें राकेश पॉल, मार्ग्रेट पॉल द्वारा एक-एक बाईबिल भेंट की गई। 47 दिनों से चली आ रही, उपवास कालीन मीटिंग, पाम संडे, दुखःभोग सप्ताह और यीशु के पुनर्जीवित होने का विजय पर्व, पुनरुत्थान दिवस का आज विधिवत समापन हो गया। आराधना पश्चात प्रेम भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में चर्च कमेटी, महिला सभा, जवान सभा एवं मेंस फैलोशिप के मेंबरों का सहयोग रहा।

### प्रभु यीशु ने प्रदान किया शाश्वत जीवन

पास्टर श्री पॉल ने अपने प्रवचन में पुनरुत्थान पर्व के अर्थ को समझाते हुए बताया कि परमेश्वर ने महान योजना के तहत यीशु मसीह को मृतकों में से पुनः जीवित कर फिर कभी न मरने वाले तेजोमय देह में परिवर्तित कर दिया। यीशु आज कल और युगानयुग तक जीवित और जिंदा खुदा है। यीशु ने हमें पाप मुक्त कर शाश्वत जीवन प्रदान किया है।

शिविर

## खुश रहना ही सबसे बड़ी सेवा खुशी बाँटना ही सच्ची साधना





**बिलासपुर।** तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में यदि किसी एक खजाने की सबसे अधिक आवश्यकता है, तो वह है खुशी। खुशी न तो बाजार में खरीदी जा सकती है और न ही बाहरी साधनों से स्थायी रूप से प्राप्त होती है। सच्ची खुशी हमारे भीतर है, जिसे पहचानकर न केवल स्वयं जीना है बल्कि दूसरों के साथ बाँटना भी है। यह विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा राजयोग भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने व्यक्त किए। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में बीके स्वाति दीदी ने आगे कहा कि आज मनुष्य के पास सुविधाएं बढ़ी हैं, साधन बढ़े हैं, लेकिन खुशी घटती जा रही है। इसका मुख्य कारण है मन की अशांति, नकारात्मक सोच और स्वयं से दूर हो जाना। खुशी कोई परिस्थिति नहीं है, बल्कि एक चेतन अवस्था है। जब आत्मा शांत, पवित्र और सकारात्मक होती है, तब स्वतः ही जीवन में खुशी प्रकट होती है। राजयोग ध्यान के माध्यम से हम अपने विचारों को शुद्ध कर, मन को स्थिर बनाकर और आत्मिक पहचान को जागृत कर सच्ची खुशी का अनुभव कर सकते हैं। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि अक्सर लोग यह सोचते हैं कि "जब सब ठीक हो जाएगा, तब खुश होंगे।"

कार्यक्रम

## नेतृत्व क्षमता का विकास होता है एनएसएस के माध्यम से

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों के सात दिवसीय प्रशिक्षण के छठे दिन दो महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और डॉ नेहा जैन द्वारा पिछले दिन की गतिविधियों के फीडबैक के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ संजय तिवारी ने अपने



उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास और प्रभावी संवाद कौशल पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित करें और शिविरों के दौरान सुरक्षा एवं बेहतर प्रबंधन को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन, प्रशिक्षण सहायक डॉ रीना ताम्रकार, यूपेश कुमार द्वारा परिचय प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सत्र में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के डॉ पीएल चंद्राकर ने व्याख्यान दिया। उन्होंने 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' श्लोक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। डॉ चंद्राकर ने मनुष्य और पर्यावरण के संबंधों की पाँच प्रमुख धारणाओं दासता से लेकर सहजीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छत्तीसगढ़ की मिट्टी, महानदी की वर्तमान स्थिति और पर्यावरण संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को सजग और चरित्रवान बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण ले रहे कार्यक्रम अधिकारी, संकाय सदस्य और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। दोनों ही सत्रों ने प्रतिभागियों को सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के लिए नई ऊर्जा प्रदान की। तृतीय सत्र में नायब तहसीलदार सहोरिक यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वच्छता एवं गुड गवर्नेंस पर अपने विचार प्रकट करते हुए रोचक गतिविधियों के माध्यम से उत्सावर्धन किया।

आयोजन

## 107 दिव्यांगजनों ने शिविर का उठाया लाभ



**बिलासपुर।** दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग 1 से 5 अप्रैल तक डॉ माखीजा सोनोग्रॉफी सेंटर के सामने मगरपारा रोड में वितरित किया गया। दिव्यांगता मुक्त भारत का संकल्प लेकर परम अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश से छत्तीसगढ़ में धर्म जागरण समन्वय शहीद विनोद चौबे नगर वार्ड के संयुक्त तत्वाधान में महावीर सेवा सदन कोलकाता के सहयोग से इस शिविर में छत्तीसगढ़ के कई जिलों जिसमें रायगढ़, शक्ति, जांजगीर चांपा,बेमेतरा, नवागढ़, बलौदा बाजार, चिरमिरी, कटघोरा सहित बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों से 107 दिवयांगजनों ने पंजीयन कराया। जिसमें कृत्रिम पैर 68 पोलियो, कैलिपर 26, कृत्रिम हाथ 13 और दिवयांगजनों को शिविर मे अंग बनाकर दिये जा चुके हैं। समापन समारोह में मुख्य रूप से विभाग प्रचारक गणेश राम साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा, डॉक्टर ललित मखीजा, उप महाधिवक्ता आशीष शुक्ला, डॉ सुशील श्रीवास्तव, समाज सेवी किशोर केंवट,अभय सिंह,महेश उपाधयाय,अजय बजाज अन्य लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### रामनवमीं महोत्सव में शामिल सेवादारों का सम्मान

सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में रविवार को भगवान राम का श्रद्धा व उत्साह से छठी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मर्यादा पुरूषोत्तम की विशेष पूजा कर बधाई गीत गाए गए। रामनवमीं महोत्सव में शामिल सभी सेवादारों का भगवान की ओर से बहुमान किया गया।

# छठी उत्सव पर भगवान राम की पूजा कर गाए गए बधाई गीत





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान राम की छठी महोत्सव रामनवमीं चैत्र शुक्ल नवमीं के ठीक छठे दिन मनाया जाने वाला एक पारंपरिक उत्सव है। इसे प्रभु के जन्म की खुशी में मनाया जाता है।

इस दिन श्री व्यंकटेश मंदिर में विशेष पूजा कर सोहर, बधाई गीत गाए गए। भगवान राम के बाल रूप की आराधना की गई। भगवान राम लला को पीले वस्त्र पहनाकर श्रृंगार किया गया।

अंत में प्रसाद का वितरण हुआ। छठी उत्सव मनाने मंदिर में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी। इस मौके पर सेवादारों सहित अन्य श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।





### राम के आदर्शों को किया याद

यह उत्सव भगवान राम के प्रति अटूट आस्था, पारिवारिक उल्लास और सामाजिक एकता का प्रतीक है। जिसमें भजन-कीर्तन के साथ रामजी के आदर्शों को याद किया गया। मंदिर में सजाए गए फूल बंगला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## संकष्टी चतुर्थी पर मंदिरों में पूजा, अभिषेक





### दर्शन करने रही श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तों ने रखा व्रत

**बिलासपुर।** शहर के राम मंदिर तिलकनगर एवं सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में रविवार को संकष्टी चतुर्थी की पूजा की गई। भगवान की अभिषेक कर प्रसाद लगाए गए। वहीं दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। कई लोगों ने विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत भी रखा।



वैशाख मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को भगवान गणेश के 'विकट' स्वरूप की पूजा की गई। श्री गणेश का यह अवतार जातक को ज्ञात-अज्ञात भय, रोग और बाधाओं से मुक्ति प्रदान करता है। मान्यता है कि इनकी आराधना से घोर संकट टल जाते हैं और व्यक्ति में कठिन परिस्थितियों से लड़ने का साहस आता है। मयूर पर विराजमान होने के कारण इन्हें 'मयूरेश' भी कहा जाता है। इस दिन व्रत रखने और चंद्रमा को अर्घ्य देने से कार्यों में स्थिरता आती है। यह पर्व आत्मबल और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक सटीक अवसर है। भगवान गणेश के अष्ट विनायक रूपों में विकट स्वरूप भी माना जाता है। वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि इस रूप की आराधना के लिए समर्पित होती है। इस दिन गणेश भगवान के विकट स्वरूप की पूजा करने से मनुष्य के सभी प्रकार के दुख समाप्त हो जाते हैं। वैशाख मास में पड़ने वाली विकट संकष्टी चतुर्थी का विशेष महत्व माना गया है।

### सहस्त्रनाम अर्चना कर की गई आरती

सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना, आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तजनों ने भगवान का दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। शाम 6 से साढ़े 7 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। साढ़े 7 से रात 10 बजे तक भक्तों ने दर्शन लाभ लिया। शाम को भी प्रसाद वितरण किया गया।

## वेदों के विद्वान थे महावीर हनुमान

**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में साप्ताहिक सत्संग में सर्वप्रथम हवन किया गया।आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने ईश्वर भक्ति का भजन प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि महावीर हनुमान वेदों के विद्वान थे।



उपाध्यक्ष प्रेमांकुर गुप्ता ने कहा कि आज के समाज में लोग सत्य बातों से अनभिज्ञ हैं।इस कारण हमारे परिवार और समाज टूट रहे हैं। आचार्य जयदेव ने बताया कि हमारे देश का पूरा इतिहास तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। जिसमें वीर हनुमान को बंदर का रूप दे दिया गया जबकि वे बानर नहीं वानर थे। वानर राष्ट्र का शासक बाली प्रबल प्रतापी और अद्वितीय शूरवीर थे। उसने एक बार राक्षस राज रावण को भी हराकर 6 महीने तक अपनी कैद में रखा था। संपूर्ण वानर जाति क्षत्रियों की एक उच्च कोटि की जाति थी। इसी जाति में रतनपुर राज्य के प्रहलाद विद्याधर एक शूरवीर हुए, जो विद्या प्रेमी थे इसलिए उनको विद्याधर की उपाधि दी गई। प्रहलाद विद्याधर बड़े न्याय प्रिय और प्रजा प्रेमी थे। उनकी महारानी केतुमति विदुषी और पति परायणा देवी थी। उनके घर में एक बहुत ही प्रतापी तेजस्वी बालक ने जन्म लिया। पवन नाम के इस बालक ने गुरुकुल में अध्ययन कर युवावस्था में प्रजा का हृदय जीत लिया। वह युवक वास्तव में पवन अर्थात वायु की तरह तेजस्वी था। आज हमारे युवाओं को ऐसे महावीर की सत्य गाथा न पढ़ाई और न ही सुनाई जाती है इसलिए वीरता का ह्रास होते जा रहा है।

स्पोर्टर्स न्यूज

# स्टैण्ड बॉल स्थापना दिवस पर कल विभिन्न कार्यक्रम, खिलाड़ियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिदायत अली की 86 जयंती पर विभिन्न आयोजन स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित है ।

स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली ने बताया कि स्टैण्ड बॉल के जनक हिदायत अली के जन्म दिवस 7 अप्रैल को स्टैंड बॉल स्थापना दिवस के रूप में 2008 से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्टैण्ड बॉल के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाता हैं, जो स्टैण्ड बॉल को राष्ट्रीय पहचान बनाने में अपना योगदान दिए। हिदायत अली को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2008 को खेल विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया, वही मध्य प्रदेश राजभाषा प्रसार प्रचार द्वारा 1989 को आपकी कृति वीणा पर तत्काली राज्यपाल भाई महावीर द्वारा सम्मानित किया गया।




फेडरेशन की कोषाध्यक्ष डॉ शाजिया अली ने बताया कि इस अवसर पर स्टैण्ड बॉल खिलाड़ी आदित्य रजक, गिरीश कश्यप, भीम मीणा ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। डॉ मनीष मुखर्जी ने विश्विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता ने मुख्य भूमिका निभाई अख्तर खान ने अपनी भूमिका स्टैण्ड बॉल के प्रचार प्रसार में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के बाद हिदायत अली की कृति कमलाकर के कलमदान से विमोचन होगा, तत्पश्चात आचार्य डॉ एडीएन बाजपेयी का एकल काव्य पाठ होगा।

## खबर संक्षेप

### बटहा में नवधा रामायण आज से

**जरहागांव**। सेमरसल पंचायत के आश्रित गांव बटहा में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ सोमवार 6 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ होगा। 15 अप्रैल को जल यात्रा के साथ आयोजन को विश्राम दिया जाएगा। मुख्य यजमान सुखदेव प्रसाद दीक्षित, सरिता देवी दीक्षित तथा आचार्य रामकुमार पाठक, सनकादिक पांडेय व राजेश तिवारी होंगे। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।



### लखराम में अखंड नवधा रामायण 8 अप्रैल से

**लखराम**। आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ग्राम लखराम में 8 अप्रैल से नवधा रामायण का शुभारंभ होने जा रहा है। इस दौरान ग्राम एवं आसपास के रामभक्त भगवान श्रीरामचंद्र की गाथा का श्रवण कर आनन्द ले सकेंगे। वहीं, गायन-वादन एवं रामकथा प्रवचन में रूचि रखने वाले श्रेष्ठ लोगों के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासी पूरी श्रद्धा से जुटे हुए हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा के पदों पर नियुक्तियां



**रतनपुर**। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसी क्रम में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजकुमारी बिसेन ने कहा कि, वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य करेंगी। जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण उषा चौहान ने कहा कि, वे पार्टी के विश्वास पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेंगी। मंडल महामंत्री स्वीटी शर्मा ने कहा कि, वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगी। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नीतू सिंह क्षत्रिय को दी गई है।

## निधन

### संदीप सिंह



**बिलासपुर**। 27 खोली इंद्रसेन नगर निवासी संदीप सिंह का 5 अप्रैल को हैदराबाद में निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 6 अप्रैल को उनके निवास 27 खोली से दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आरएन सिंह के पुत्र थे।

### बी पी शर्मा



**बिलासपुर**। हेमूनगर तोरवा निवासी रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी बी पी शर्मा का 50 अप्रैल को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेन्द्र शर्मा, राधिका, पुष्पा, इंदू के पिता एवं हर्ष चौबे के ससुर थे।

### नकुल सिंगरौल



**तखतपुर**। ग्राम जोरापारा निवासी नकुल सिंगरौल का 50 वर्ष की आयु में 4 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जोरापारा में किया गया।

### डीआर राजगीर



**बिलासपुर**। टिकरापारा राजगीर मोहल्ला निवासी डीआर राजगीर का 5 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अप्रैल को उनके निवास से दोपहर 12.30 बजे दयालबंद मधुबन मक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विजय राजगीर, संजय, सुनीता और शुभ्रा के पिता थे।

## टेकचंद बनाए गए अध्यक्ष

# श्रीराम दरबार मंदिर समिति की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने रविवार को श्रीराम दरबार मंदिर समिति की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, यह समिति मंदिर के विकास और सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाएगी। समिति में प्रमुख बात यह है कि, सभी समाज के प्रमुखों को समिति का पदाधिकारी व सदस्य मनोनित किया गया है।



समिति के अध्यक्ष टेकचंद कारड़ा बनाए गए। इसके अलावा सरंक्षक के रूप में कुलवंत सिंह हूरा, जगजीत सिंह मक्कड़, आशीष सिंह ठाकुर, रोहन सिंह, मुन्ना श्रीवास, चंद्रकांत द्विवेदी, सुरेश सिंह ठाकुर को शामिल किया गया है। इसके अलावा मंदिर के संचालन के लिए प्रबंधन समिति में अध्यक्ष टेकचंद कारड़ा, कोमल सिंह, बलदाऊ गुप्ता, अरविंद शर्मा, रामायण जायसवाल, अनिल सिंह ठाकुर, जुगलकिशोर पांडेय, राकेश मंदानी, ज्ञान ठाकुर दल्लू, जितेंद्र शुक्ला, अभिषेक जायसवाल के अलावा मंदिर समिति में कल्याण सिंह हूरा, केडी सोनी, सुरेंद्र प्रधान, अजय देवांगन, गुरूचरण सिंह बग्गा, आर्यन गुप्ता, अशोक पांडेय, अनिल अग्रवाल, रामगोपाल अग्रवाल, हरविंदर सिंह हूरा, विनोद तोलानी, आनंद अग्रवाल, लक्ष्मी यादव, बिहारी देवांगन, अभिषेक पाण्डेय, पवन पाण्डेय, काशी अग्रवाल, अशोक दुबे, हरणचरण सिंह हूरा, रितेश शिवहरे, मनीष सोनी, श्रवण कुमार मिश्रा संजू, भोला सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर,



अंकित अग्रवाल, सुनील जांगड़े, रमन हूरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, संजय गुप्ता, जितेंद्र राज सूर्यवंशी, संदीप पटेल, अभिषेक जायसवाल, सत्यम ताम्रकार, राजू सिंह ठाकुर, निलेश धनकर, मुन्ना मिश्रा, भागवत साहू, योगेश गंधर्व, अजय सोनकर, यावेंद्र सिंह, मोंटू मिश्रा, रामाधार देवांगन, दिनेश मिश्रा, रोहित सिंह, योगेंद्र मिश्रा शामिल हैं। साथ ही मंदिर में महिला समिति का भी शीघ्र ही गठन किया जाएगा, जिसमें नगर की महिला जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण क्षेत्रों की महिला मंडली को स्थान दिया जाएगा। अध्यक्ष बनाए जाने पर टेकचंद कारड़ा ने कहा कि, आशीष सिंह ठाकुर के द्वारा राम मंदिर समिति की घोषणा की गई, जिसमें मुझे अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मैं पूरा श्रद्धा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा और सभी के साथ मिलकर व्यवस्था के लिए प्रयासरत रहूंगा।

## महंत रामरूप दास बने संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष



**सरगांव**। बीते दिनों नासिक में आयोजित अखिल भारतीय संत समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में देश भर से 200 संत, महंत, आचार्य, महामंडलेश्वर उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में 2027 नासिक सिंहस्थ कुंभ की तैयारी, आंतरिक सुरक्षा, धर्मांतरण, लव जिहाद, हिन्दू आचार संहिता विषय पर गहन चिंतन हुआ। साथ ही संत समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान संत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविचलदेवाचार्य ने महंत रामरूप दास महात्यागी को अखिल भारतीय संत समिति के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस घोषणा के साथ ही उपस्थित संतों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री जितेन्द्रानंद सरस्वती, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र पुरी, राजेन्द्रदास, नरेन्द्र दास, सर्वेश्वर दास, राधेश्याम दास, जितेन्द्रानंद गिरी एवं राधे-राधे बाबा सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। बैठक में संत समाज की एकजुटता, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि, संत समाज सदैव राष्ट्र एवं समाज के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी। अंत में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महंत रामरूप दास महात्यागी ने संत समिति के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ



**बेलतरा**। बेलतरा क्षेत्र के ग्राम बाम्हू में समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से नवचंडी एवं श्रीराम कथा का आयोजन 4 से 13 अप्रैल तक किया जा रहा है। आयोजन के कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज दमोह मध्यप्रदेश वाले हैं, और मुख्य यजमान किशन यादव सपत्निक, राजकुमार साहू सपत्निक, बसंत साहू सपत्निक हैं।

शनिवार को सुबह यज्ञ आहुति के बाद दोपहर 3 बजे से राम कथा प्रारंभ हुई। इससे पहले बैंड-बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें चंचला शर्मा, मंजू शर्मा, प्रियंका शर्मा, शशी शर्मा, ममता शर्मा, कविता शर्मा, आरती उपाध्याय, वैशाली दुबे, प्राची मिश्रा, पृथा शर्मा, सिद्धि शर्मा, सौम्या शर्मा, सिम्मी शर्मा, प्रेरणा शर्मा, वैदेही उपाध्याय, ग्राम की सरपंच चंदा साहू, कृष्णा निर्मलकर, लक्ष्मीन धीवर, इंदु श्रीवास सहित करीब 500 माताओं-बहनों ने हिस्सा लिया। सभी ने सरोवर से जल भरकर कथा वापस स्थल पहुंचकर कलश यात्रा को विश्राम दिया। यह जानकरी पंडित अभिषेक महाराज ने दी।

## निष्काम भाव से करें भक्तिः नितेश कृष्णा



**तखतपुर**। जीवन में जब मुसीबत आती है, तभी व्यक्ति भगवत भजन करता है। परंतु जो व्यक्ति हर पल भगवान को याद करता है, और अपने सभी कार्यो को ईश्वर को समर्पित कर देता है, उसके पास कोई भी मुसीबत या परेशानी नहीं आती है।

निष्काम भाव से श्रद्धापूर्वक भगवत भक्ति करने वाले की पुकार भगवान सुनते हैं, और अपने ऐसे भक्तों के पास कभी कष्ट आने नहीं देते। उक्त वचन जूनापारा में जायसवाल परिवार के निवास पर आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक नितेश कृष्ण शास्त्री ने कहे। उन्होंने भगवत महिमा के संकीर्तन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, जीवन में केवल भगवत नाम ही सहारा है, जिसके बदौलत व्यक्ति को हर समस्या से छुटकारा मिल सकता है। कथा के दौरान ओमप्रकाश जायसवाल, मनोज कश्यप, घनश्याम श्रीवास, संदीप यादव, रमेश साहू, दुर्गेश साहू, आकाश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पार्टी का स्थापना दिवस मनाने भाजपा की बैठक



**लगरा**। बेलतरा विस भाजपा के पूर्वी मंडल की कामकाजी बैठक शनिवार को खमतराई में आयोजित की गई। बैठक प्रभारी डॉ तिलकराम साहू ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर 5 से 7 अप्रैल तक सभी कार्यालयों में सजावट, पार्टी कार्यालयों में ध्वजारोहण व कार्यकर्ताओं को अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा फहराते हुए सेल्फी लेकर सोशल मीडिया मे प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्थापना दिवस मनाने व 8 से 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सम्मेलन में सक्रिय सदस्यों को शामिल कर भाजपा के संगठनात्मक विस्तार, चुनावी सफलता, सेवा भाव, राष्ट्र प्रथम, सांस्कृतिक उत्थान के बारे में अवगत कराने निर्देशित किया गया। अंत में 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर विविध कार्यक्रमों को आयोजन के विषय में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन हरिओम कश्यप, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष शैल भोई, जिला मंत्री निखिल केषरवानी, जिला ग्रामिण युवा मोर्चा ऋषभ चुतुर्वेदी, मो मुशर्फ खान, सीता ठाकुर, ए सुशीला राव, यास्मीन खान, सुनिता साहू, पार्षद रेखा सूर्यवंशी, रूपाली गुप्ता, जय वाधवानी, विजय यादव, षिवचरण साहू, भगवती साहू, रिंकू सिंह ठाकुर, रामप्रसाद पटेल, शरद खैरवार, विकास कुर्रे, राजिक शेख, ईष्वर यादव, पार्वती अंनत, रमेष पटेल, प्रवीण यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा का कार्यक्रम आयोजित

**मुंगेली**। पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी मुंगेली ग्रामीण के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख विषयों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में जिला प्रभारी जांजगीर चांपा राजेंद्र वैष्णव, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दीनानाथ केशरवानी, उपाध्यक्ष जिला भाजपा सुनील पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा शैलेश पाठक, उपाध्यक्ष जिला भाजपा हरिशंकर वर्मा, जिला महामंत्री भाजपा कैलाश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश साहू ने समस्त कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्रमुख के रूप में मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास रहे एवं



प्रशिक्षण का संचालन महामंत्री नितेश भारद्वाज ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से चंद्रहास गोस्वामी, लोकनाथ सिंह, शैलेंद्र तिवारी, मानस बैस, प्रदीप सिह, मनीष सिंह, विश्वधर ठाकुर, शंकर सिंह ठाकुर, कृष्णकुमार तिवारी, राजेश्वर सिंह टंडन, गुलशन सिंह ठाकुर, ज्ञान सिह राजपूत, जितेन्द्र दिवाकर, बसंत सवर्णकार, गोलू पांडेय, आशीष टंडन, रामा पाटले, ताराचंद जांगड़े, भास्कर श्रीवास, उमेश विश्वकर्मा, राजेश साहू, पुनाराम साहू, अरविन्द बंजारा, दिनेश जायसवाल, संतोष पटेल, गुलाब सिह, नोहर साहू, श्रीमती मधु चेलक, साधना बंजारे, मंजू केसर, जनक वर्मा, कन्हैया वर्मा, रूपराम वर्मा, नरेश वर्मा, शिवसाहय सोनी, गणपत सिह, नारद विश्वकर्मा, अशोक साहू, कौसल नेताम, सूरज आहिरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिव महापुराण सही दिशा देने वाली प्रेरणा

**सकरी**। राष्ट्रीय धर्माचार्य पंडित दुर्गेश शर्मा ने शिव महापुराण के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, शिव महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणादायक मार्गदर्शिका है। इसमें आध्यात्मिक गहराई और जीवनोपयोगी संदेशों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। भगवान शिव की महिमा, उनके स्वरूप, भक्ति, धर्म एवं मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है। शिव महापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं



आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिव महापुराण में मनुष्य को सत्य, धर्म, दया, करुणा, सेवा एवं परोपकार जैसे गुणों को अपनाने की शिक्षा दी गई है। पंडित दुर्गेश जी ने कथा प्रसंग में यह बताया कि, जो व्यक्ति अपने जीवन में माता-पिता, गुरु एवं समाज के प्रति सम्मान रखता है, उनके जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती है। शिव महापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न होते है, पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ गांव

**जरहागांव**। हनुमान जनमोत्सव पर क्षेत्र के ग्राम सेमरचुवा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ एक दिवसीय महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजनों में अग्रणी माने जाने वाले इस गांव में आयोजित यह कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यह आयोजन सरपंच टेकलाल पटेल के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ।



सुबह से ही गांव के मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। हनुमानजी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति की मधुर ध्वनि गूंज उठी। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित और सफल रहा। ग्रामवासियों ने बताया कि, इस प्रकार के धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

सरपंच टेकलाल पटेल ने सभी ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे, जिससे गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं सुदृढ़ हों। आयोजन को सफल बनाने में महेश पटेल, नरेंद्र पटेल, रघुवीर ध्रुव, सुभाष यादव, अरविंद पटेल, अंतु देवांगन, संतोष जायसवाल, मोहित जायसवाल, टेकलाल जायसवाल, कन्हैया जायसवाल, गोविंदराम जायसवाल, गंगाराम जयसवाल, बंटी जायसवाल, कपिल पटेल, नवीन यादव, देवेंद्र जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

## सामूहिक रूप से सुनी गई पीएम के मन की बात

**लोरमी**। नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 17,18 तुलसाघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम 'मन की बात' का आयोजन भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश श्रीवास की ओर से किया गया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 'जनभागीदारी से जल संरक्षण' कोरिया के मॉडल को सराहा और देश के लिए इसे प्रेरक बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, पार्षद घनश्याम यादव, दिनेश साहू, संतोष साहू, अशोक साहू, देवेन्द्र केशरवानी, लक्ष्मी गुप्ता, पंकज निर्मलकर सहित वार्डवासी शामिल हुए। जिला संयोजक कमलेश श्रीवास ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और 'मन की बात' कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।



## कैथनवागांव सिल्ली में एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध



**सेतगंगा-मुंगेली**। ग्राम कैथनवागांव सिल्ली में निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्ट्री पर रोक लगाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने बताया कि, लगभग 100 मीटर की दूरी पर महाविद्यालय फास्टरपुर, शासकीय प्राथमिक शाला फास्टरपुर एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला है। उसी से लगा हुआ लगभग 200 मीटर में ग्राम फास्टरपुर, 200 मीटर में ग्राम नागोहरी तालम, 500 मीटर में ग्राम विचारपुर, 300 मीटर में ग्राम उदका है। फैक्ट्री के निर्माण से क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। वायु प्रदूषण एवं दुर्गंध से जनजीवन प्रभावित होगा। भूजल एवं आसपास के जल स्त्रेतों का प्रदूषण, कृषि भूमि की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव, स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव, पेयजल की गंभीर समस्या हो सकती है। इसलिए ग्रामीणों ने उक्त फैक्ट्री के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। जपं सदस्य जानकी बारमते, ग्राम पंचायत सिल्ली सरपंच रामकली, विचारपुर सरपंच चंद्रकुमार आदि ने रोक लगाने की मांग की है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2026
जूना बिलासपुर, दिनांक 30.03.2026

प्रति, 1. पूनम गुप्ता 2. पी. भारती 3. छाबड़ा पैलेस 4. अग्रवाल जी 5. अन्य सर्व संबंधित हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)

विषयः- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।

संदर्भः- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2026, बिलासपुर दिनांक आवेदक पूनम गुप्ता निवासी देवरीखुर्द के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1282/11 रकबा 0.0160 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 07.04.26 को समय 12 PM - 5 PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीपः 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम सिंघरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सिंघरी को सूचित किया जाता है आवेदक भग्गूराम पिता नंदराम निवासी ग्राम सिंघरी, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सिंघरी, पह.न.39 स्थित भूमि ख.न. 230 रकबा 0.32 डिसमिल आवेदक के पिता द्वारा दिनांक 001.04.1968 स.क्र.93 रजिस्टर क्रमांक 1993 लेख पुस्तक क्र. 6270 के संबंध में सुध्धु, साधू पिता दुलार साय के पास से नगद राशि देकर क्रय किया था। आवेदक के पिता निरक्षर होने के कारण संशोधन एवं प्रमाणीकरण नहीं करवा पाया था। उक्त भूमि से अनावेदक सुध्धु, साधू पिता दुलार साय के नाम को विलोपित किये जाने का निवेदन किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दिनांक 09.04.2026 को अनावेदकगण को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09.04.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील-सकर्रा**
**तहसील-सकरी**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक / / तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 24.03.2026

ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका 1. श्रीमती अनुभा गांगुली पति स्व. आशुतोष गांगुली, 2. श्रीमती रिंकु चटर्जी पति श्री कल्याण कुमार चटर्जी पिता स्व. आशुतोष गांगुली दोनो निवासी 2025 भाग्यश्री टावर वार्ड नं. 16 कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग., 3. बप्पा गांगुली पिता स्व. आशुतोष गांगुली निवासी 160 वार्ड नं. 06 सत्यानंद पल्ली, पंखाजूर जिला उत्तरबस्तर कांकेर छ.ग. के द्वारा अपने पति/पिता आशुतोष गांगुली की मृत्यु उपरांत उनकी संपत्ति पश्चिम बंगाल में स्थित जिसमें वारिस प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से वारिस प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 10.04.2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक ..... को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना प्रकाशन का खंडन एवं आपत्ति**

श्री रत्नेश कुमार अग्रवाल अधिवक्ता की ओर से अपने कार्यार्थी श्री हरिश टिबडेवाल पिता लक्ष्मीनारायण टिबडेवाल की ओर से इमरान मेमन आ. स्व.अब्दुल गफ्फार मसानगंज बिलासपुर निवासी के नाम की मौजा अर्टरा प0ह0नं0 14 रानिमं0 व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 439/1 रकबा 0.1500 हेक्टयर अवस्थित भूमि को कय करने का पक्का सौदा श्री इमरान मेमन से कर उसे अग्रिम राशि भुगतान कर दिया है और शीघ्रतिशीघ्र बैनामा पंजीकृत कराने वाला है जिसके संबंध में आपति हेतु आम सूचना हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र दिनांक 04-04-26 में प्रकाशित कराया गया है उक्त आम सूचना प्रकाशन का मैं अपने पक्षकार श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल की ओर से अधिकृत होकर प्राप्त निर्देशानुसार खंडन करते हुये निम्न आपति / खंडन का प्रकाशन करवा रहा हूं कि मेरा पक्षकार श्री रमेश कुमार अग्रवाल मसानगंज बिलासपुर निवासी इमरान मेमन आ. स्व. अब्दुल गफ्फार से उसके नाम की मौजा अर्टरा प.ह.नं. 14 रानिमं0 व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 439/1 रकबा 0.1500 हेक्टयर अवस्थित भूमि को दिनांक 10-10-2024 को कय करने का अनुबंध पत्र ईकरारनामा के माध्यम से सात लाख रूपये में कय करने की बातचीत करते हुये पांच लाख रूपये बयाना राशि दी जा चुकी है विक्रेता अपने व्दारा कय करने का मूल विक्रयपत्र को भी मेरे पक्षकार को सौप दिया है और अनुबंध पत्र के अनुसार विक्रेता को अनुबंधित भूमि का सीमांकन कराकर रजिस्ट्री कराना था किन्तु मेरे पक्षकार के व्दारा अनेको निवेदन करने के बावजूद सीमांकन कराकर जल्द से जल्द विक्रय पत्र की लिखापढी व पंजीयन कराने का आश्वासन दिया जाता रहा है किन्तु आज तक उसके व्दारा लिखापढी व पंजीयन नही करा रहा है, जबकि मेरा पक्षकार अनुबंध के अनुसार अनुबंधित भूमि का विक्रयपत्र की लिखापढी व पंजीयन कराने हेतु हमेशा तैयार व तत्पर रहा है और मेरे पक्षकार के पास विक्रय मूल्य की शेष राशि व पंजीयन शुल्क की राशि उपलब्ध है।

आपकी ओर से प्रकाशित आम सूचना से मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उसके साथ अनुबंधित भूमि को विक्रेता के व्दारा दुर्भावना से जानबूझकर आपके पक्षकार से विक्रय करने की बातचीत किया है जो कि गलत है आपकी ओर से प्रकाशित आम सूचना का खंडन करते हुये आपको सलाह दी जाती है कि आप अपने पक्षकार को उचित सलाह दे कि मेरे पक्षकार के साथ अनुबंधित उपर लिखे ग्राम अर्टरा स्थित भूमि को उसके स्वामी इमरान मेमन से कय संव्यवहार न करे अन्यथा वह विवाद को कय करेगा जिसकी समस्त प्रकार की नुकसानी की जवाबदारी स्वयं आपके पक्षकार की होगी। अतः आम सूचना खंडन/आपत्ति से अवगत हो।

दिनांक :- 05-04-2026

**भवदीय**
**अशोक कुमार गुप्ता अधिवक्ता**
**बगीचाभवन कतियापारा रोड जूना बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 8109292722**
**हस्ताक्षर**
**रमेश कुमार अग्रवाल**
**आ.स्व. सत्यनारायण अग्रवाल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक/क/रार.नि./अमसेना
दिनांक 03/04/2026

1. द्वारिका पिता लोकनाथ 2. हीराबाई विश्वकर्मा 3. प्रशांत कुमार जैन 4. बहोरन व मंगल ढेला 5. नारायण प्रसाद पिता मयाराम 6. पारस पावर एवं कोल लि.मि. बिलासपुर 7. हेमलाल यादव 8. प्रवीण कुमार जैन अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय - सीमांकन/मौका जांच/ नक्सा बटांकन के समय उपस्थित रहने बावत।

सन्दर्भ - न्यायालय नायब तह. उप तहसील सकर्रा क्रमांक ना.तह./रीडर/2026 दिनांक 24/02/2026

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक द्वारिका यादव पिता स्व.लोकनाथ के द्वारा खसरा नंबर 35/1 शामिल 37/1 रकबा 0.571 के सीमाकन/मौका जांच/नक्सा बटाकन हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमाकन/मौका जांच/नक्सा बटाकन की कार्यवाही दिनांक 08/04/2026 और समय 11 बजे को किया जायेगा जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि सम्बन्धी जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

टीप - विशेष परीस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होगे आवेदक सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करे।

**राजस्व निरीक्षक अमसेना**
**तहसील सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### भाजपा का स्थापना दिवस आज अमर करेंगे ध्वजारोहण



**बिलासपुर।** भाजपा शहर द्वारा 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर विधायक अमर अग्रवाल व कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके तहत 6 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विधायक अमर अग्रवाल एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यालय बिलासपुर में पार्टी का ध्वजारोहण किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाया जाएगा। वहीं जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव, बस्ती चलो अभियान के तहत बड़ी विधानसभा में कम से कम 50 बड़े गांव एवं छोटी विधानसभा में कम से कम 20 गांव में जनप्रतिनिधियों सहित सभी स्तर के पदाधिकारी द्वारा गांव बस्ती पहुँचेंगे। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय को झालर एवं लाइट व दीप जलाकर सजाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल सोमवार को प्रातः 10 बजे भाजपा कार्यालय करबला बिलासपुर में ध्वजारोहण में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### नई टीम से जगी उम्मीद-रिवर व्यू कॉलोनी में अब समस्याओं के समाधान की शुरुआत



**बिलासपुर।** कोनी स्थित रिवर व्यू कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे थे। कॉलोनी में पानी और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाएं लगातार बाधित थीं। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर रहवासियों में लंबे समय से नाराजगी थी। इन समस्याओं को देखते हुए कॉलोनीवासियों ने सहायक पंजीयक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पूर्व चुनाव को निरस्त कर दिया गया और पुराने पदाधिकारियों को अवैध घोषित किया गया। जिसके बाद नया चुनाव निर्वाचन पर्यवेक्षक रामगोपाल तिवारी और निर्वाचन अधिकारी तरुण साहू की मौजूदगी में कराया गया। चुनाव में सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष बद्री प्रसाद चंद्रा, उपाध्यक्ष सरोज सिंह, सचिव श्रीकांत सिंह ठाकुर, संयुक्त सचिव चंद्रकुमार साहू और कोषाध्यक्ष सुरेश यादव को चुना गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य समस सिंह गोंड और गिरीश कुमार सक्सेना का चयन किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कॉलोनीवासियों को भरोसा दिलाया है कि अब मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि पानी, बिजली और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### ग्रामीण शिक्षा को मिलेगा नया आयाम : गजेन्द्र

**बिलासपुर।** कोटा स्थित रानीसागर में डीएवी पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिरकत की और ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार को एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अटल श्रीवास्तव तथा नगर पंचायत कोटा की अध्यक्ष सरोज साहू उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डीएवी संस्थाओं का आगमन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की पहल से हुआ, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है और डीएवी विद्यालय इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में डीएवी संस्थाओं की भूमिका अहम है।

### चाकू, कट्टा दिखाकर लोगों को धमकाने वाले दो गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कार में घूम घूमकर चाकू, कट्टा दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास चाकू, कट्टा व कार जब्त की गई है। रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन को सूचना मिली, रानीगांव के पास कार सवार युवकों के द्वारा चाकू, कट्टा दिखाकर लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर कार क्रमांक सीजी 10 बीई, 4500 सहित नबीदाद खान पिता नवा खान 42 साल रतनपुर करैहापारा, दीशू कोरी पिता गोविंद प्रसाद कोरी 23 साल रानीगांव निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से चाकू, कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कालोनी में तलवार-पिस्टल लेकर रंगदारी करते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कालोनी में तलवार, पिस्टल, फरसा रखकर घूमते हुए रंगदारी करते व्यक्ति की वीडियो सहित पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, रामावैली निवासी वकील अंशुमन श्रीवास्तव कालोनी में अपनी कार से कभी तलवार, फरसा, एयरगन निकालकर कालोली में घूमकर रहवासियों को डराता धमकाता रहता था। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर कालोनी के लोगों ने हथियार सहित उसका वीडियो बनाकर चकरभाठा थाने में शिकायत की। पुलिस ने वकील को पकड़कर तलवार, फरसा, एयरगन जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत अंशुमन श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**कोरोना के बाद से कर्ज में डूबे** — सब्जी मार्केट, कपड़ा मार्केट, फुल मार्केट की तरह जगह देने की गुहार

# बैंड एवं डिस्को लाइट, घोड़ा बग्घी वालों ने मांगा व्यवस्थित बाजार

**बिलासपुर।** बैंड एवं डिस्को लाइट, घोड़ा बग्घी, पंजाबी ढोल व्यापारीयों ने निगम से शहर में एक व्यवस्थित मार्केट की मांग की है जहां वे आसानी से अपना व्यापार कर सकें। इन व्यापारियों वे जनप्रतिनिधियों के साथ ही कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा गया है कि नगर-निगम के द्वारा शहर में व्यापार विहार में थोक मार्केट के साथ सब्जी मार्केट, कपड़ा मार्केट, फुल मार्केट, फल मार्केट, महिला मार्केट गणेश चौक व इसी तरह अन्य व्यवसायियों को मार्केट बनाकर स्थापित किया गया है। उसी तर्ज पर स्मार्ट सिटी के तहत स्वच्छ सुसज्जित व सुव्यवस्थित मार्केट बनाकर एक स्थान पर इन्हें स्थापित किया जाना चाहिए। व्यापारियों के मुताबिक यह मांग लम्बे समय से लंबित है, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन व्यापारियों का कहना है कि बैंड, एवं डिस्को लाइट, घोड़ा बग्घी, पंजाबी ढोल व्यापारियों में गरीब एवं मेहनतकश लोग काम कर रहे हैं। इनकी आजीविका मुख्य रूप से बैंड और लाइट के व्यवसाय से जुड़ी हुई है। सभी छोटे स्तर पर व्यापार करते हैं। खास बात है कि प्रत्येक दुकान पर 30-40 परिवार आश्रित हैं और यह दुकान ही उनकी अजिविका का मुख्य स्त्रोत है। इसलिए एक व्यवस्थित जगह और बाजार मिल जाने से कारोबार करने में आसानी होगी।

■ प्रत्येक दुकान पर 30-40 परिवार आश्रित हैं

#### जगह आबंटन व्यवस्थित तरीके से हो

इन व्यापारियों का कहना है कि अस्थायी दुकानों से व्यापार को स्थायित्व नहीं मिल पा रहा है। व्यापारियों ने एक स्थायी और संरक्षित बाजार का निर्माण करने की मांग की है। बाजार में सभी आवश्यक सुविधाओं, जैसे पानी, शौचालय, बिजली और सुरक्षा की व्यवस्था के साथ ही बाजार की जगह का आवंटन उचित और समान रूप से करने की मांग की गई है।

#### व्यापार करने में होती है परेशानी

इन व्यवसायियों का कहना है कि करोना महामारी के समय से कारोबार प्रभावित हुआ है अधिकांश लोगों को दुकानों का किराया नहीं चुका पाने से दुकान खाली कर घर से ही व्यवसाय करना पड़ रहा है। जिससे वे कर्ज के बोझ तले दब चुके है। अस्थायी दुकानों और खुली जगहों पर व्यापार करने से कई परेशानी इन व्यापारियों को हो रही है। इसमें बारिश में सामान खराब होना, ग्राहकों की कमी, और स्थायित्व की कमी बनी हुई है। व्यवस्थित मार्केट के अभाव में ग्राहक भी कम पहुंचते हैं।

#### अधिकारियों से चर्चा की जाएगी

इस बारे में व्यापारियों के साथ ही अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। मांग के हिसाब से व्यवस्थित जगह तलाश करते हुए सुविधाएं दिए जाने का प्रयास होगा।

– पूजा विधानी,
महापौर

---

ट्रेनों की लेट लतीफी से प्रतिदिन हजारों यात्रियों को हो रही परेशानी

# 30 हजार करोड़ की कमाई के बाद भी यात्री ट्रेनें समय पर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने माल लदान और मालगाड़ियों को चलाकर रेलवे बोर्ड से मिले लक्ष्य से अधिक यानि 30 हजार करोड़ रुपए की कमाई तो कर ली, लेकिन यात्री ट्रेनों के परिचालन में कोई भी सुधार नहीं किया। टारगेट से अधिक कमाई करने के बाद भी मालगाड़ियां रेल लाइन पर और आउटर पर घंटो यात्री गाड़ियों को नियंत्रित किया जा रहा है, जिसके कारण यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



रेलवे यात्री गाड़ियों को समय पर नहीं चला पा रही है। कभी अधोसंरचना के नाम पर तो कभी तीसरी लाइन और चौथी लाइन के नाम पर यात्री गाड़ियो को रद्द कर दिया जा रहा है। इसकी वजह से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री परेशान हो रहे हैं। अचानक ट्रेनों को रद्द करने के कारण यात्रियों को अपनी टिकिट केंसिल करना भी मजबूरी हो गई है। इस तरह की स्थिति बिलासपुर जोन के रेलवे स्टेशनों में प्रतिदिन की हो गई है। बिलासपुर रेलवे जोनल स्टेशन है, जो हावड़ा-मुम्बई मुख्य लाइन के बीच में बना हुआ है। एसईसीआर बिलासपुर से झारसुगुड़ा, ईब, बिलासपुर से नागपुर इतवारी और बिलासपुर से कटनी मुड़वारा के बीच एसईसीआर के स्टेशनों की संख्या 320 से अधिक है। इन सभी छोटे और बड़े स्टेशनों में केवल मालगाड़ियों की संख्या अधिक और यात्री गाड़ियों की संख्या काफी कम दिखाई देती है। यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले रेल अफसर भी केवल असुविधा की प्रदान कर रहे हैं।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को रेलवे बोर्ड से यात्री परिवहन के साथ माल लदान के लिए टारगेट दिया गया था। माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए 315 से अधिक मालगाड़ियां, 50 से अधिक लांग हॉल ट्रेनों का परिचालन किया गया। कोयला सहित अन्य सामानों का परिवहन करने के बाद रेल प्रशासन ने दिए गए टारगेट से अधिक यानि 30 हजार करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर लिया। यह टारगेट 31 मार्च के पहले ही पूरा हो गया था।

टारगेट पूरा करने के लिए यात्री ट्रेनों को आउटर में घंटो नियंत्रित कर मालगाड़ियों को रवाना करने ग्रीन सिग्नल दिया गया, जिसके कारण यात्री हलाकान होते रहे। इसके बाद भी मालगाड़ियों का परिचालन रेल लाइन पर बंद न करते हुए यात्री गाड़ियों की लेट लतीफी बंद नहीं हो सकी है।

#### घंटों लेट हो रही ट्रेनें

यात्री ट्रेनों के घंटो लेट लतीफी से हजारों की संख्या में सफर करने वालों के साथ स्टेशन में इंतजार करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को भी मुम्बई की ओर से आने वाली 12809 सीएसएमटी-हावड़ा 2 घंटे से अधिक, 22866 पुरी-एलटीटी 4 घंटे, 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू 3 घंटे, 13288 आरा-दुर्ग 4 घंटे, 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल 8 घंटे, 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड 3 घंटे, 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 6 घंटे से अधिक लेट रही।

---

## जनगणना कार्य

# लगाए गए चार हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत सरकार द्वारा पहली बार राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अद्यतन सर्वे कार्य मोबाईल ऐप के जरिए डिजिटल जनगणना कार्य कराया जा रहा है। जनगणना कार्य में जिले से चार हजार से अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया जा रहा है। डिजिटल जनगणना के तहत मकानों का सर्वे और नंबरिंग करने का काम चालू हो गया है साथ 700-800 जनसंख्या के बीच मकानों का जनगणना ब्लॉक बनाया जा रहा है।

■ 1 मई से मोबाइल ऐप जरिए होगा डिजीटल जनगणना

डिजिटल जनगणना का पहला चरण जिले में 1 मई से शुरू होगा, उसके पूर्व मकानों का सर्वे कर मकानों में नंबर लिखने का काम चालू कर दिया गया है। हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का काम भी चल रहा है और 700-800 जनसंख्या के बीच के मकानों का जनगणना ब्लॉक बनाया जा रहा है। इसी ब्लॉकवार मकानों का जनगणना कार्य प्रगणकों को दिया जाएगा। जनगणना कार्य के लिए डयूटी लगाने और प्रशिक्षण का काम भी चल रहा है। जनगणना कार्य में चार हजार से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया जा रहा है। इसमें 71 फील्ड प्रशिक्षक बनाए गए हैं। इसी तरह 3 हजार 171 गणनाकर्ताओं की डयूटी लगाई जा रही है और 329 प्रगणक रिजर्व में रखें जाएंगे। इस तरह कुल गणनाकर्ताओं की संख्या 3500 हैं, जबकि 539 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं और 65 पर्यवेक्षक रिजर्व में रहेंगे। इस तरह रिजर्व मिलाकर जनगणना कार्य में कुल 4104 अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया गया है और इनका प्रशिक्षण का काम भी चल रहा है।

#### जिले में पहला चरण 1 मई से

जनगणना दो चरणों में होगा, जिसमें पहले चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग ऑपरेशंस का कार्य होगा। जिले में पहला चरण का काम 1 मई से शुरू होगा जो 30 सितंबर तक चलेगा। दूसरे चरण में जनगणना और जातिगत गणना का काम होगा। मकानों का गणना शुरू होने के पहले अभी जनसंख्या आधार पर ब्लॉक काटा जा रहा है और मकानों का नंबरिंग किया जा रहा है, जिससे जनगणना के समय सुविधा होगी।

#### चल रहा है प्रशिक्षण

जनगणना का पहला चरण जिले में एक मई से शुरू होगा। जनगणना के तहत अभी अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। इसके साथ ही मकानों का सर्वे एवं नंबरिंग का काम किया जा रहा है और सात-आठ सौ जनसंख्या के बीच हाउस ब्लॉक बनाया जा रहा है।

-शिव बनर्जी
एडीएम

### मोबाइल ऐप जरिए पूछे जाएंगे 33 प्रश्न

डिजिटल जनगणना के पहले चरण में 1 मई से प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे और उनके द्वारा मकान में रहने वाले लोगों से 33 प्रश्न पूछकर जानकारी जुटाई जाएगी। इसमें घर के मुखिया का नाम, जेंडर और कैटेगरी, घर का मालिकाना हक और रहने वाले कमरों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्रोत, शौचालय का प्रकार, एलपीजी, पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता तथा घर में मौजूद एसेट्स रेडियो, टीवी, इंटरनेट, लैपटाप, वाहन और मुख्य रूप से उपभोग किए जाने वाले अनाज आदि की जानकारी ली जाएगी।

---

# गांव-गांव में शिविर लगाकर किया जाएगा राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**बिलासपुर।** ग्रामीण किसानों सहित आमजनों के लंबित राजस्व मामलों के निपटारे के लिए राजस्व पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक शिविरों के माध्यम से अधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान किया जाएगा है। इसी क्रम में 6 अप्रैल को बिलासपुर तहसील अंतर्गत ग्राम मटियारी, तालपारा, जूना बिलासपुर, बिरकोना में शिविर लगाकर लोगों के राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा।

राजस्व विभाग में जमीन से संबंधित प्रकरणों की बढ़ती पेंडेंसी को दूर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राजस्व पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के अंतर्गत न केवल शहर, बल्कि गांव-गांव में शिविरों के माध्यम से लोगों के राजस्व संबंधित लंबित मामलों का त्वरित निपटारा किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत बेलतरा तहसील के ग्राम उच्चभट्ठी, मंजूरपहरी, मस्तुरी के कोसमडीह, सीपत तहसील के ग्राम गुड़ी, खैरवारपारा, ढरकपुर, भरूवाडीह, हिण्डाडीह, हरदाडीह, खाड़ा, कैमाडीह, कर्रा, पचपेड़ी तहसील के मानिकचौरी, सुकुलकारी, लोहर्सी में एवं तखतपुर तहसील के ग्राम बीजा, राजपुर, सोनबंधा एवं बेलपान में भी शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा अन्य गांवों में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

■ 1 से 15 अप्रैल तक होगा प्रकरणों का निपटारा

#### तीन चरणों में होगा शिविर

राजस्व पखवाड़ा का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 04 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 01 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में राजस्व अमला गांव स्तर पर पहुंचकर विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण करेगा। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बंटांकन, व्यपवर्तन एवं वृक्ष कटाई से संबंधित समय-सीमा से बाहर प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। साथ ही फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन, नोटिस जारी कर सुनवाई एवं निराकरण भी शिविर स्थल पर ही किया जाएगा।

### सीपत रोड मंदिर में पूजा हवन कर प्रसाद का वितरण



**बिलासपुर।** सीपत रोड स्थित हनुमान मंदिर में पं. मनोज पाण्डेय के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा, हवन कर आरती की गई। इसमें मुख्य यजमान मदनमोहन व रेखा गुल्ला थे। पूजा के बाद चना, बूंदी, खिचड़ी का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजक चंदन कुमार भट्टाचार्य, निर्मल कुमार गुप्ता, मदन मोहन गुल्ला, ताराचंद, भुवन वर्मा, अनूप पाण्डेय, अजय रजक, मोना केंवट, मंजू बघेल, मंजू यादव महरपात्रे सहित एसईसीएल के स्टाफ, सक्षम, हरिहर आक्सीजोन के सदस्य उपस्थित थे। वहीं काली मंदिर तिफरा में मंदिर के पुजारी पं. भवानी दास महराज के सानिध्य में सुबह हनुमानजी की पूजा कर अभिषेक, हवन किया गया। भण्डारा दिन भर चलता रहा। लोग दर्शन, पूजन के लिए देर रात तक आते रहे।

# एरीना एनीमेशन ने मनाई लायंस क्लब में 28 वीं वर्षगांठ



**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन मल्टमीडिया ने लायंस क्लब का सीएमडी चौक पर 28 वीं वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। यह आयोजन केवल एक वार्षिकोत्सव नहीं, बल्कि 28 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव भी था। इस यात्रा के दौरान संस्थान ने हजारों विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर उन्हें देश ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर स्थापित किया है। आज यहां के अनेक विद्यार्थी विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत हैं और अपनी प्रतिभा से बिलासपुर का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन देवदत्त मिश्रा, देबांगना एवं आयुष सहित विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर "सुप्रीम स्टार ऑफ द ईयर – मेल – गौरव कौशिक और फ़ीमेल – दामिनी शर्मा ", "सुपर स्टार ऑफ द क्वार्टर जनवरी टु मार्च 2026 जूनियर – ज़ेबा नाज़ और सीनियर – दामिनी शर्मा " एवं "स्टार ऑफ द मंथ जूनियर – ज़ेबा नाज़ , सीनियर – देवदत्त मिश्रा" जैसे प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किए गए। साथ ही हाउस अवॉर्ड्स ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना को प्रोत्साहित किया। वर्षगांठ समारोह के आधार पर "मिस्टर पिक्सल किंग - आयुष तिवारी" एवं "मिस पिक्सल क्वीन - श्रेया बहादुर" जैसे विशेष सम्मान समारोह के प्रमुख आकर्षण रहे। जनवरी से मार्च 2026 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गई। समारोह के दौरान लैब ट्रेनी एवं डिजाइन ट्रेनी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप अनुभव पत्र एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष मौर्य, निधि मिश्रा, विवेक दुबे, सुलक्षणा जिलारे, हितेश तांडेय, विनीता सिंह, अनामिका घोष, राकेश खिल्लन, प्रज्ञा शुक्ला, काशिश गेहानी, गुंज त्रिवेदी आदि का योगदान रहा। संस्थान के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा, "आज का युग डिग्री से अधिक कौशल का है।

एजुकेशन प्लस

---

ननि और साइकिलिस्ट ग्रुप सीजी एसएमएस द्वारा साइकिल रैली प्रतियोगिता

# अंबिकापुर, रायगढ़ व बिलासपुर ने जीती अरपा साइक्लोथॉन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देश भर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत बिलासपुर नगर पालिक निगम और साइकिलिस्ट ग्रुप सीजी एसएमएस द्वारा स्वच्छता का संदेश देने साइकिल रैली अरपा साइक्लोथॉन प्रतियोगिता का आयोजन 5 अप्रैल को बिलासपुर के मुंगेली से प्रारंभ की गई।

25 किमी की इस प्रतियोगिता में अंबिकापुर प्रथम, रायगढ़ द्वितीय और बिलासपुर के प्रतियोगी ने पुरस्कार जीतकर अपना और अपने शहर का नाम रौशन किया। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मुंगेली नाका चौक पर साइकिल रैली को स्वच्छता झंडा दिखाकर रवाना किया। तीन सौ से अधिक लोगों ने इस अभियान से





विजेता को पुरस्कार वितरण करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

जुड़कर शहर को स्वच्छ रखने लोगों को प्रेरित किया। फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए ईंधन बचत के लिए साइक्लिंग संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "अरपा सायक्लोथॉन बिलासपुर 2026" रैली 5 अप्रैल को सुबह 5.30 मिनट पर मुंगेली नाका ग्राउंड से शुरू हुआ जो 25 किमी तक साइक्लिंग की गई। इस का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें स्वच्छता के कार्य में जोड़ना है। सुबह पांच बजे से ही लोग मुंगेली नाका ग्राउंड पहुंचने लगे थे। इसके मुख्य आयोजक संतोष गुप्ता थे। सीजी गाइड चैनल के प्रदीप साहू का भी विशेष योगदान रहा। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा की किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य या परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वच्छता में भी युवा आगे आएं और समाज में स्वच्छता को लेकर जागरूकता लाएं।

#### विजेताओं का सम्मान

प्रथम पृथ्वीराज सिंह (अंबिकापुर) प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए मिला, वहीं द्वितीय पुरस्कार रायगढ़ के अतुल प्रधान ने 7 हजार रुपए जीता, तृतीय विजेता बिलासपुर के लक्ष्य रात्रि ने 5 हजार रुपए जीतकर शहर का नाम रौशन किया। इसके साथ ही 4थे से 12वें स्थान तक के खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### ठेले वालों से वसूली युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** चाकू दिखाकर आईसक्रीम ठेले वालों से अवैध वसूली करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, गांधी चौक में आईसक्रीम वाले सहित अन्य खाद्य सामाग्री के ठेला लगते हैं। कतियापारा फोकटपारा निवासी मानस गढ़ेवाल पिता भागवत गढ़ेवाल 24 साल गुण्डागर्दी करते हुए चाकू दिखाकर ठेलावालों से अवैध वसूली करता था। पैसा नहीं देने पर ठेलावालों से मारपीट करता था। आए दिन युवक की गुण्डागर्दी व अवैध वसूली से ठेलावाले परेशान हो गए थे। आईसक्रीम ठेला वाला करबना निवासी श्याम बिहारी यादव ने उसके खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी मानस गढ़ेवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### घरवाले शादी में चले गए चोर ले उड़े जेवर, नकद

**बिलासपुर।** दरवाजे में ताला लगाकर घरवाले शादी में चले गए। इधर चोरों ने ताला तोड़कर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, निरतू निवासी मोहम्मद आजाद पिता मोहम्मद रमजान 26 मार्च को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ शादी में शामिल होने चिरमिरी चले गए थे। 3 अप्रैल को वे परिवार के साथ अपने घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का नथ, अंगूठी, मांग टीका, बिछिया, पायल, ब्रेसलेट व 30 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर आसानी से भाग गए। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### समस्या के निराकरण के लिए बना नियंत्रण कक्ष

**बिलासपुर।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि कल्चर एवं कृषि यंत्र उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक खुला रहेगा। इसमें बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं कृषि आदान सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए किसान नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07752-470814 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए अनिल कुमार शुक्ला को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं प्रतिभा पाण्डेय, विजय धीवर, उमेश कुमार कश्यप और प्रेमराज शर्मा को सहायक अधिकारी बनाया गया है।

**पिछले माह कौंसिल ने किया था कालेज का निरीक्षण** | **लगातार बदल रहे अधिकारियों के चलते काम में विलंब**

# 4 माह बीता, अब तक नहीं बनी सड़क, कैसे शुरू होगा राज्य का दूसरा वेटनरी कालेज

**बिलासपुर।** कोनी स्थित वेटनरी कालेज जाने का मार्ग खस्ताहाल है। इसी साल से वेटनरी स्टूडेंट के लिए कालेज की पढ़ाई शुरू होने वाली है, ऐसे में कालेज प्रबंधन ने जल्द ही सड़क निर्माण की मंजूरी ली है, लेकिन टेंडर होने के 4 माह बाद भी सड़क नहीं बन सकी है। खास बात यह है कि 5 मार्च को वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया ने कालेज के स्ट्रक्चर और बिल्डिंग का निरीक्षण किया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही यहां प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्त होगी और प्राथमिक स्तर पर कालेज संचालित किया जाएगा।

राज्य का दूसरा पशु चिकित्सा कालेज जल्द ही संचालित होगा। इसकी कवायद तेज हो चुकी है। कालेज में निर्माण कार्य खत्म होने के बाद सड़क और बिजली की व्यवस्था की की जानी है। खास बात यह है कि कालेज पहुंच मार्ग बेहद खस्ताहाल है,



इसके निर्माण के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा 1.90 करोड़ का टेंडर किया गया है। सड़क निर्माण में 50 लाख खर्च होंगे, जिसमें 12 मीटर चौड़ाई और 900 मीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। यह मुख्य सड़क से जोड़ी जाएगी। साथ ही शोल्डर के तौर पर दोनों ओर 9 मीटर सड़क बनेगी। खास बात यह है कि कोनी स्थित 40 एकड़ जमीन पर 28 करोड़ की लागत से दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के तहत कालेज का निर्माण किया गया है। इस साल से वेटनरी कालेज में एडमिशन भी शुरू हो सकता है, दरअसल वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया ने 5 मार्च को निरीक्षण कर एडमिशन शुरू होने की प्रक्रिया तेज कर दी है। हाल ही में दो बार कौंसिल की बैठक भी हो चुकी है, ऐसे में नए सत्र में 30 सीटों के साथ वेटनरी कालेज खोल जा सकेगा। सड़क और अन्य निर्माण कार्य शुरू होने में 4 माह का समय लग सकता है, लेकिन टेंडर हो जाने के बाद भी अबतक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

जानकारों के अनुसार गर्मी के मौसम में निर्माण पूरा नहीं होने पर बारिश के दौरान सड़क से होकर गुजरना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अधिकारियों के पास महज 4 माह समय ही शेष है। ऐसे में वेटनरी कालेज शुरू होने के बाद भी स्टूडेंट व प्रोफेसर के साथ कर्मचारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### प्रशासनिक भवन लाइब्रेरी बनकर तैयार

साल 2017 से ही कालेज के लिए बिल्डिंग बनाई जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने 28 करोड़ 14 लाख रूपए की स्वीकृति दी है। साल 2021 से 2024 के बीच निर्माण कार्य बंद रहा है, ऐसे में कालेज खोलने में देरी हुई है। पिछले साल ही निर्माण कार्य में तेजी आई है और अब गर्ल्स, बॉयस हास्टल, प्रशासनिक भवन, लाइबेरी, कक्षाएं बनकर तैयार हो चुकी हैं। स्टाफ क्वार्टर, आडिटोरियम, मुख्य भवन, प्रशासनिक भवन, क्लीनिकल कॉम्पलेक्स में बिजली और अन्य कार्य जारी है। 12 शैक्षणिक कक्षाओं के साथ ही 17 अन्य विभाग खोले जाएंगे।

### डा. भोसले ने संभाली डीन का पद

दरअसल वेटनरी कालेज में पिछले 4 सालों से स्थाई तौर पर डीन का पद नहीं संभाला जा रहा है, अधिकारियों के रिटायर होने के बाद डीन की कुर्सी में हर बार नए व्यक्ति को मौका मिल रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गति सुस्त हो जाती है। हाल ही में डा. किशोर मुखर्जी के 62 वर्ष पूर्ण होने के बाद डॉ धीरेन्द्र भोसले को वेटनरी कालेज का डीन बनाया गया है। ऐसे में उन्हें निर्माण कार्य की जानकारी नहीं है।

### जल्द काम होने की है उम्मीद

करीब 1.90 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण कार्य होना है, टेंडर किया गया है, लेकिन अभी ठेकेदार नहीं आए है। सड़क, स्ट्रीट लाइट और एक रेसीडेंशियल बंगला भी बनाया जाना है।

**-मोहन कोमरे**, ईई

**घरों के सामने गिर रहा कचरा, लोगों को बदबू और गंदगी झेलनी पड़ रही**

# बूटापारा नया कचरा डंपिंग जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में कचरा डंपिग के लिए कछार में सैकड़ों एकड़ जमीन निगम को दी गई है लेकिन इसके बाद भी ठेका कंपनी द्वारा कई वार्डों में इसे गिराया जा रहा है। व्यापार विहार के बाद अब वार्ड क्रमांक 43 बूटापारा में निगम और ठेका कंपनी का नया डंपिंग जोन है। बड़ी बड़ी गाड़ियों में कचरा इस क्षेत्र में पहुंच रहा है और लोगों को बदबू और गंदगी झेलनी पड़ रही है। लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल है तो आलम यह है कि इस कचरे के कारण क्षेत्र का श्मशान घाट भी पट चुका है।

■ **श्मशान घाट तक को पाट रहे**

रेलवे कालानी के किनारे बसा बूटापारा क्षेत्र फिलहाल नगर निगम की ओर से कचरा डंप करने का नया स्थान बन चुका है। कचरे से निकलने वाले गंदे पानी से आसपास की जमीन का भूजल खराब हो रहा है तो कई किलोमीटर तक हवा में गंध रहती है। लोगों का कहना है कि निगम की गाड़ियां कचरे को घर के सामने फेंक कर चली जाती हैं। इमें कचरे के साथ ही मरे हुए मवेशी और कुत्ते यहां फेंके जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस कारण भोजन बनाने से लेकर खाना तक मुश्किल हो गया है। कई बार मना करने के बाद भी निगम और ठेका कंपनी वाले नहीं मान रहे हैं।



बूटापारा में की जा रही कचरा डंपिंग से लोग परेशान।

### क्या कहते हैं लोग



■ रोजाना बड़ी-बड़ी गाड़ियों में कचरा यहां पहुंचता है। घरों के सामने इसे गिराते हुए श्मशान घाट के पास फेंक दिया जाता है। मना करने पर ठेका कंपनी के लोग विवाद करते हैं। - **मुन्नी बाई**

■ इस कचरे और गंदगी के कारण हम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। भोजन बनाने से लेकर खाना तक मुश्किल हो गया है। - **पूरनलाल सोनी**

■ पहले रेलवे की तरफ कचरा डंपिंग होती थी लेकिन जब से दिवाल उठा दी गई है तो निगम हमारे घर की तरफ ही कचरा फेंक रहा है। बदबू और गंदगी की कई बार शिकायत कर चुके हैं। - **जमुनाबाई**

### 50 से अधिक परिवार प्रभावित

यहां के लोगों ने बताया कि जहां कचरा फेंका जा रहा है वहां 50 से अधिक परिवार रहते हैं जो कि इससे प्रभावित हैं। यहां कई किलोमीटर तक हवा में गंध रहती है और स्थानीय रहवासियों को बदबू सहना पड़ता है। लोगों ने बताया कि कई प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। बच्चे, बूढ़े सबसे जयादा प्रभावित है। गौरतलब है कि कछार डंपिंग जोन बनने से पहले नगर निगम शहर से निकलने वाले कचरे को व्यापार विहार के खाली मैदान में डंप करता था। ऐसे में यहां पर सैकड़ों टन कचरे का जमाव हो गया था। हालांकि लगातार शिकायत के बाद इस कचरे को हटाने की प्रक्रिया चलाई गई, लेकिन कचरे का पूरी तरह निपटारा नहीं हुआ है। अब भी वहां पर सैकड़ों क्विंटल सड़ा कचरा पड़ा है। इसे भी हटाया नहीं जा रहा है।

### जानकारी ली जाएगी

एक कार्यक्रम के सिलसिले में दिल्ली आई हुई हूं। मामले को आकर देख लेती हूं। अभी तक इसकी कोई शिकायत भी नहीं मिली है। फिर भी अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी।

- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

### नहीं हो रही सुनवाई

इस कचरा डंपिंग के कारण बहुत समस्या हो रही है। पहले भी इस बारे में निगम अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। श्मशान घाट की दो बार सफाई कराई जा चुकी है।

-**सूर्य किशोर राज, पार्षद**, वार्ड क्रमांक 43

# समिति ने निजी एयरलाइन्स कंपनी को भेजा ई-मेल




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बेहतर हवाई सुविधाओं के लिए निजी एयरलाइन कंपनियां से संपर्क कर रही हैं। एटीआर 72 विमान के इंडिगो एयरलाइंस व फ्लाई 91 एयरलाइंस जैसे एयरलाइन्स कंपनियों को मेल भेज फ्लाइट उड़ाने की मांग की गई है।

■ **फ्लाइट शुरू करने की मांग**

राज्य सरकार सरकारी अलाइंस एयर कंपनी के भरोसे ही बिलासपुर में हवाई सुविधा दे रही है, जबकि क्षेत्र की मांग के अनुसार बेहतर सुविधाओं के लिए निजी एयरलाइन्स कंपनियों का बिलासा एयरपोर्ट से फ्लाइट आपरेशन जरूरी हो चुका है। अलायंस एयर के पास 20 एटीआर 72 सीटर विमान है, इसमें आधे से अधिक अक्सर मेंटनेंस के लिए डाउन होती है जिससे अधूरी हवाई सेवा प्राप्त होती है। बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से हवाई यात्रा करने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अलायंस एयर ने मनमानी करते हुए बिलासपुर से भोपाल, बिलासपुर से इंदौर उड़ानों को पर्याप्त यात्री होने के बावजूद बंद कर दी गई है। समिति ने कहा कि ओपन टेंडर के माध्यम से निजी एयरलाइंस कंपनियों को भी बिलासपुर से उड़ाने शुरू करने का मौका देना चाहिए। कंपनी बेहतर ऑफर दे सके उसे उड़ाने की अनुमति राज्य सरकार दे सकती है, लेकिन राज्य सरकार इसपर पहल नहीं कर रही है। समिति ने निजी कंपनियों से सीधे संपर्क कर रही है, रविवार को इंडिगो और फ्लाई 91 एयरलाइंस को ईमेल भेज बिलासपुर से उड़ान शुरू करने की मांग की गई है। रविवार को धरने में डॉ प्रदीप राही, अनिल गुलहरे, बद्री यादव, शिरीष कश्यप, ऋषि राज, राशिद बख्श, गोपी राव, संतोष पीपलवा, आशुतोष शर्मा, अमर बजाज, मनोज तिवारी, मजहर खान, संदीप बाजपेई,रमाशंकर बघेल और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# क्रिकेट सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार फरार सरगना के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 1 लाख 48 हजार 500 रुपए नकद, 2 मोबाइल, एक एक्टिवा जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

4 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोबाइल फोन में आईपीएल क्रिकेट राजस्थान रायल - गुजरात टाईटन में हार जीत, बाल में रन बजाने, आनलाइन सट्टा खिला रहे हैं। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में एसीसीयू व सिविल लाइन के द्वारा रेड कार्रवाई सौरभ पवार पिता स्व. संजय पवार 32 साल सिंधी कालोनी जरहाभाठा, कमल पंजवानी पिता आनंद पंजवानी 30 साल चकरभाठा कैम्प निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 1 लाख 48 हजार 500 रुपए नकद, एक एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एजे, 8770, 2 मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 112 की धारा 7, 2 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में सटोरिए।



फरार सटोरिया।

### फरार सटोरिए के खिलाफ एफआईआर

सीएसपी श्री सिंह ने बताया, पकड़े गए दोनों सटोरिए खाईवाल राज चेतानी व चकरभाठा निवासी रोहित पंजवानी के लिए सट्टा खिला रहे थे और सट्टा का पैसा कलेक्शन कर रहे थे। पिछले दिनों एसएसपी ने फरार राज चेतानी, रोहित पंजवानी की सूचना देने पर 5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की थी। उसके बाद भी दोनों नहीं पकड़े गए हैं।

# शराबियों ने सिम्स में मचाया हंगामा, गार्ड ने खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में शनिवार की देर रात दो शराबियों ने सिम्स के आपातकालीन और ट्राइएज में जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान दोनों ने नर्स के साथ बदसलुकी की और गार्डों से झगड़ते रहे, जिसके बाद गार्डों ने दोनों शराबियों को सिम्स के बाहर निकाल दिया लेकिन देर रात सिम्स में हंगामा मचता रहा।

सूत्रों के अनुसार सरकंडा कृष्णा विहार व कोनी निवासी दो शराबियों ने सिम्स में इलाज नहीं मिलने को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया है, लेकिन इस दौरान पर्ची काटने और उन्हें भर्ती करने के लिए नर्स लगी रही, लेकिन नशे के हालत में शराबियों ने नर्स के साथ ही हुज्जतबाजी शुरू कर दी। इसके बाद नर्स ने गार्ड को बुलाया और उन्हें समझाने की कोशिश करती रही, लेकिन दोनों पर शराब का नशा इतना चढ़ चुका था कि दोनों किसी बात को सुनने के लिए तैयार नहीं थे और स्टाफ के साथ गाली गलौच करते रहे। ऐसे में गार्ड ने अन्य जगहों से 2 गार्ड को बुलाकर उन पर सख्ती बरता शुरू कर दिया और वार्ड के अन्य मरीजों के परेशान होने पर गार्डो ने शराबियों को बाहर खदेड़ना ही सही समझा, शराबियों के जाने के बाद ही टाइएज के मरीज चैन से सो सकें।



सिम्स में हंगामा मचाते आरोपी।

# युवक पर चाकू से हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शोभा यात्रा के दौरान युवक पर चाकू से जान लेवा हमला करने वाले फरार दो भाई सहित 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती में शोभा यात्रा निकाली गई थी। चांटीडीह निवासी सन्नी श्रीवास अपने साथी सूरज साहू के पास पेंडलवार अस्पताल के पास शोभा यात्रा देख रहा था। इसी दौरान दयालबंद निवासी प्रियांशु बोले अपने दो साथी के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर तीनों युवक सूरज साहू के साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच प्रियांशु बोले ने चाकू से सूरज साहू के पेट पर हमला कर दिया था। पुलिस हमलावरों के



पतासाजी में लगी हुई थी। 5 अप्रैल को टीआई श्री बैस, आरक्षक सरफराज खान, अजय शर्मा ने फरार हमलावर दयालबंद निवासी प्रियांशु बोले पिता अरूण बोले 25 साल, उसके भाई ओम बोले व रिवर साईड होटल तोरवा निवासी के राघवेन्द्र राव उर्फ सुरेश पिता के श्रीनिवास राव 26 साल को बीएनएस की धारा 109, 1, 296, 351, 3, 3, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# दुकान में एसी का कम्प्रेसर ब्लास्ट होने से दो भाई झुलसे

**बिलासपुर।** दुकान में एसी का कम्प्रेसर ब्लास्ट होने से काम कर रहे दो भाई झुलस गए। हादसे के बाद आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोनों को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

रतनपुर करैहापारा निवासी मिर्जा आरिफ, उसका भाई शब्बीर शेख कुम्हारपारा में फरफेक्ट सॉल्यूशन नाम की दुकान चलाते हैं। 5 अप्रैल की शाम 6.40 बजे दोनो दुकान में काम कर रहे थे। इसी दौरान दुकान में लगा एसी का कम्प्रेसर ब्लास्ट होकर फट गया, जिसकी चपेट में आकर दोनों भाई झुलस गए। धमाके आवाज व दोनों की चीख आवाज से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकान में लोगों की भीड़ लग गई।



सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, झुलसे दोनों भाईयों को इलाज के लिए वेयर हाउस रोड स्थित निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, एसी का कम्प्रेसर फटने से हादसा हुआ है।

### मारपीट कर कार में लगाई आग

**बिलासपुर।** दुर्घटना के बाद चालक के साथ मारपीट कर कार में आग लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू गोकुलधाम निवासी रामेश्वर सूर्यवंशी पिता संतोष सूर्यवंशी 30 साल 24 मार्च को कार क्रमांक सीजी 04 एलटी, 6088 में पैसा लेने ग्राम लोखंडी जा रहा था। अचानक सामने मवेशी आ जाने से उसे बचाने के फेर में कार से एक राहगीर को चोट आई। पास में खड़ा राजा निषाद उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, जिससे वह कार छोड़कर भाग कर छिप गया। कुछ देर बाद राज निषाद, कृष करें, प्रदीप वर्मा ने कार में आग लगा दी। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर राजा निषाद सहित तीनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 326 एफ के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411